Need to set up a Vegetable Procurement Centre and provide railway facility for transportation of vegetables in Deoria Parliamentary Constituency-Laid

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मेरा संसदीय क्षेत्र देवरिया पूर्ण रूप से ग्रामीण आबादी का क्षेत्र है और कृषि पर आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था है । नदियों से घिरा हुआ क्षेत्र है और नदी के पानी के कारण फसलों पर भी प्रभाव पड़ता है जिससे वह नष्ट हो जाती है । किसानों में सब्जी बोने की रूचि बड़ी है । किसान बड़ी संख्या में सब्जी बो रहे हैं और फल पैदा कर रहे हैं । लेकिन उनको उचित कीमत भी नहीं मिल पा रही है और कोई संग्रह स्थल ना होने के कारण उसका संरक्षण नहीं हो पा रहा है । इसलिए उनको अपने उत्पादन को औने-पौने भाव मे बेचना पड़ता है या नुकसान सहना पड़ता है । उनका जीवनयापन कठिन हो जाता है । अतः माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह है कि वहाँ के उत्पादन की खरीद के लिए कोई केन्द्र विकसित किया जाये । रेलवे के कई ए.सी. कोच जोड़ कर उनको रेल की सुविधा दी जाए जिससे वह अपने उत्पादन को बड़े शहरों एवं विदेशों में भी भेज सकें और उनके जीवन में भी समृद्ध और खुशहाली आ सके ।